अग्रवाल महाविद्यालय, बल्लबगढ़ में लॉयन्स क्लब फ़रीदाबाद ग्रेटर के सहयोग से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया. इस शिविर के मुख्य अतिथि जिला गवर्नर लॉयन जे.सी. वर्मा ने बताया कि लॉयन्स क्लब की देश भर में 6 हज़ार इकाइयाँ हैं. जिनमें 2,28,000 सदस्य हैं, फरीदाबाद ज़िले में 68 क्लब हैं. जो समाज–सेवा के क्षेत्र में अपना विशेष योगदान देते हैं. उन्होंने बताया कि लॉयन्स क्लब प्रतिवर्ष अनेक संस्थाओं के सहयोग से रक्तदान शिविर आयोजित कर 10,000 इकाई रक्त एकत्र करते हैं. कार्यक्रम के विशिष्ठ अतिथि कॉलेज प्राचार्य डॉ0 कृष्णकान्त गुप्ता ने जानकारी दी कि महाविद्यालय में प्रतिवर्ष एक से अधिक रक्त–दान शिविर लगाकर समाज व मानवता के लिए कार्य करने की प्रेरणा विद्यार्थियों को दी जाती है. उन्होंने बताया कि महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना और रैड क्रॉस की तीन–तीन इकाइयाँ है जो इन शिविरों के आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं. स्वयंसेवक व स्वयंसेवकाओं में रक्तदान के लिए विशेष उत्साह दिखाई देता है. इस शिविर में 108 इकाई रक्त एकत्र किया गया. कार्यक्रम में लॉयन्स क्लब के अध्यक्ष भगवान दास, मनोज अग्रवाल (रक्तदान शिविर के प्रबन्धक), बी.एम. शर्मा, एन.के. शर्मा, नरेन्द्र खुराना, नारायण दास, रिटायर्ड आई.पी.एस. श्यामलाल गोयल, जिला रैड क्रॉस के सचिव श्री डी.के. शर्मा, कॉलेज के एन.एस.एस. अधिकारी श्री रविन्द्र जैन, श्रीमती रितु, डॉ0 रेखा सैन और युवा रैड क्रॉस के प्रभारी डॉ0 जयपाल सिंह, श्रीमती उषा चौधरी, पुस्तकालयाध्यक्ष डॉ0 रामचन्द्र उपस्थित थे. रक्तदान शिविर का आयोजन डॉ0 जयपाल सिंह और डॉ0 प्रवीण गुप्ता की देखरेख में हुआ. उद्‍घाटन सत्र का संचालन श्रीमती किरण आनन्द ने किया. लॉयन मनोज अग्रवाल ने बताया कि रक्त की एक इकाई दान करने से तीन लोगों की जान बचाई जा सकती है, इसलिए 18 से 60 वर्ष की आयु के स्वस्थ लोगों को रक्तदान अवश्य करना चाहिए.